भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **610**
गुरुवार, 28 नवंबर, 2024/7 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

गुजरात हेतु उड़ान योजना

610. श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेलः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गुजरात में क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के अंतर्गत चिन्हित किए गए और विकसित किए जा रहे विमान पत्तनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत शामिल किए जाने के लिए प्रस्तावित शहरों/जिलों की जिला-वार सूची क्या है; और

(ग) सूरत से कितनी उड़ानें संचालित की जाएंगी जिनसे सूरत के साथ-साथ वलसाड और नवसारी के लोग लाभान्वित होंगे?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के अंतर्गत हवाई सेवाओं के विकास और प्रचालन के लिए भावनगर, पोरबंदर, जामनगर, मुंद्रा, कांडला, केशोद, साबरमती रिवर फ्रंट वाटर एयरोड्रम (डब्ल्यूए), स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (डब्ल्यूए) और द्वारका (डब्ल्यूए) हवाईअड्डों की पहचान की गई है।

(ख) : आरसीएस के अंतर्गत चालू वर्ष में परिचालन हेतु नियोजित शहरों की सूची अनुलग्नक में संलग्न है।

(ग) : 'उड़ान' योजना के तहत सूरत-दीव मार्ग इंडिगो द्वारा प्रचालित किया जा रहा है। सूरत से बीकानेर और दीव को जोड़ने वाले मार्ग स्पाइसजेट को अवॉर्ड किए गए हैं। सूरत से मुंद्रा को जोड़ने वाले मार्ग को स्टार एयर को अवॉर्ड किया गया है।

*****

अनुलग्नक

आरसीएस-उड़ान के तहत वर्ष 2024-25 में प्रचालनीकरण हेतु नियोजित हवाईअड्डे

क्रम सं.	**राज्य का नाम**	**हवाईअड्डा**
1.	अंडमान एवं निकोबार (यूटी)	शिबपुर
2.	छत्तीसगढ	अंबिकापुर
3.	हरियाणा	अंबाला
4.	मध्य प्रदेश	रीवा
5.	मध्य प्रदेश	दतिया
6.	महाराष्ट्र	शोलापुर
7.	महाराष्ट्र	अमरावती
8.	तमिलनाडु	नेवेली
9.	तमिलनाडु	वेल्लोर
10.	उत्तर प्रदेश	सहारनपुर (सरसावा)
11.	हिमाचल प्रदेश	बद्दी (कसौली) हेलीपोर्ट
12.	हिमाचल प्रदेश	शिमला (संजोली) हेलीपोर्ट